प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

गुरू नानक जयंती

सिक्खों के पहले गुरू श्री गुरू नानक देव जी की जयंती आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों विशेषकर सिक्ख समुदाय को गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि गुरूनानक देव जी ने पूरी मानवता को शांति, सौहार्द, भाईचारे और आध्यात्मिकता का संदेश दिया था।

.....

शिमला के गुरूद्वारा सिंह सभा में भी सुबह से ही विशेष शबद कीर्तन कार्यक्रम चलता रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका। रागी जत्थों ने शबद–कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरूद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष जसविन्दर सिंह ने बताया कि लंगर की परम्परा पहली पातशाही ने शुरू की थी जो सेवा व समानता का प्रतीक है।

.....

रेणुका मेला

सिरमौर ज़िले में 6 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला आज संपन्न हो गया। समापन अवसर पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने देव पालकियों को परम्परा अनुसार विदाई दी और भगवान परशुराम की पालकी को कंधा दिया। इस दौरान ढोल–नगाड़ों की थाप पर पूरी रेणुका घाटी भगवान परशुराम व माता रेणुका के जयकारों से गूंज उठी। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल के लोगों की देवी–देवताओं में प्रगाढ़ आस्था है और वे विकास के साथ–साथ अपनी परम्पराओं को पूरी श्रद्धा से निभा रहे हैं।

.....

इस मौके पर सांसद सुरेश कश्यप, स्थानीय विधायक विनय कुमार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के नावर क्षेत्र में विभिन्न निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कुठाड़ी में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के तहत लगभग साढ़े 8 सौ करोड़ रूपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं और इलाके में अब तक 2 सौ 9 सड़कों की सफल पासिंग की गई है। रोहित ठाकुर ने नाबार्ड के तहत 7 करोड़ 60 लाख रूपए से बन रही उमलाडवार–गाहलून–कड़ीवन संपर्क सड़क का निरीक्षण भी किया।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम, अंग्रेज़ी माध्यम और आधुनिक तकनीक से शिक्षा पद्धति सुदृढ़ हो रही है। उन्होंने आज बिलासपुर ज़िले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मरहाणा के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने स्कूलों में शैक्षणिक दिवसों की संख्या 2 सौ 10 तक बढ़ा दी है। राजेश धर्माणी ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं और साढ़े 8 सौ से अधिक शिक्षण संस्थानों को इंस्टीट्यूशंस ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है।

बाद में राजेश धर्माणी ने कुठेड़ा में अंडर–16 छात्र–छात्राओं की 3 दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 36 टीमों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर राजेश धर्माणी ने बताया कि राज्य सरकार 15 दिसम्बर को धर्मशाला से खेलो हिमाचल–चिट्टा मुक्त अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत उपमण्डल, ज़िला और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

.....